दाल, मिल चावल। इनको डीरिजर्व कर दिया और बाकी का जो 826 वस्तुएं रिजर्व थी उसमें रिकमेंड कर दिया है कि सबको डीरिजर्व कर दो। डीरिजर्व करने का मतलब यह है कि उसमें मल्टी-नेशनल्स भी आ जाएं, उसके अंदर ये सारे बड़े उद्योग भी आ जाएं। आपको मालूम है कि जब कहीं भाषण देने जाते हैं तो सब लोग एक बात कहते हैं कि स्माल स्केल सेक्टर ज्यादा इंप्लायमेंट देता है, काटेज इंडस्ट्री ज्यादा इंप्लायमेंट देती है। इस वक्त के आंकड़े देखिए। स्माल स्केल सेक्टर में काम करते हैं एक करोड़ 53 लाख लोग। पब्लिक, प्रायवेट, ज्वायंट और अनस्पेसीफाइड इन सारी इंडस्ट्रीज में मिलकर करते हैं 87 लाख लोग। खादी व कुटीर उद्योग में और इनके अंदर काम करते हैं 54 लाख। दुगने से ज्यादा लोग हैं छोटे काटेज इंडस्ट्री में और खादी में बनिस्बत बड़ी इंडस्ट्री मल्टी नेशनल्स सबको मिलाकर, पब्लिक सेक्टर समेत। आप उसको खत्म करने पर तुले हुए हैं। आप यहां पर धीरे धीरे सारे मल्टीनेशनल्स को बुलाने के चक्कर में है, वेल्थ लाने के चक्कर में हैं, फारेन एक्सचेंज लाने के चक्कर में हैं। आपने सबसे बड़ा पाप किया है जिसको आप कंटीन्यू कर रहे हैं-जो कांग्रेस पार्टी ने किया था उसी को आप कंटीन्यू कर रहे हैं- वह है कि आप इन सारी स्माल स्केल सेक्टर और काटेज इंडस्ट्री को धीरे धीरे खत्म कर रहे हैं। उसकी वजह से आप देखेंगे कि ये नयी मल्टी नेशनल्स जो आ रहे हैं वो आटोमैटिक मशीनें ला रहे हैं, रोबोटिज्म ला रहे हैं। उन आटोमैटिक मशीनों में, रोबोटिज्म में जहां पहले सौ आदमी काम करते थे वहां अब एक आदमी काम करता है। आपने सरकारी नौकरियों में प्रतिबंध लगा दिया है। आपकी जो पे कमीशन की रिपोर्ट आयी है उसने कहा है कि इतने लाख लोगों को और निकाल दिया जाए। लोग निकाल दिए जाएं, बड़ी इंडस्ट्रीज में छंटनी हो रही है और गवर्नमेंट की नौकरियों पर प्रतिबंध है तो लोग कहां जाएंगे। क्या भूमि पर रोजगार पा सकते हैं भूमि पर जा नहीं सकते। अगर भूमि पर नहीं जा सकते तो फिर सिवाय इसके कि स्माल स्केल सेक्टर और काटेज इंडस्ट्रीज में जाएं, इसके अतिरिक्त और कौन-सी चीज है सेल्फ इंप्लायमेंट के लिए। आपने उनके सारे दरवाजे बंद कर दिए हैं और नाइन्थ प्लान के एप्रोच में आपने इस पर कतई तौर पर ध्यान नहीं दिया। जब तक आप इस पालिसी को बदलेंगे नहीं तब तक बेरोजगारी बढ़ती जायेगी मैं समझता हूं कि मात्र मल्टी नेशनल्स के लाने से काम नहीं चलेगा। इसलिए सबसे ज्यादा जरूरत यह है कि हर एक को इंप्लायमेंट देने के लिए एप्रोच पेपर में संकल्प रखना चाहिए। यह प्लानिंग का हमारा सबसे पहला प्वाइंट होना चाहिए।

दूसरी बात जो है वह है जनसंख्या की। किसी ने जिक्र ही नहीं किया कि आखिर हिंदुस्तान की जनसंख्या कितनी तेजी से बढ़ रही है। उस जनसंख्या के इतनी तेजी से बढ़ने के बाद हम कितना भी निर्माण कर लें, कितना भी कुछ बना लें, कितनी भी प्लानिंग कर लें वह सारी प्लानिंग करने के बाद अगर जनसंख्या इस तरीके से बढ़ती रही तो हिंदुस्तान की न कभी उन्नति हो सकती है न इंप्लायमेंट मिल सकता है, न कोई और उपलब्धि हो सकती है। जनसंख्या कम करने के लिए एप्रोच पेपर में क्या है। केवल लिख देने से कुछ काम नहीं होता है। मैं आपकी यह जो रिपोर्ट है जो इसी 1996 में दी है स्टैंडिंग कमेटी ने उसमें से पढ़कर बताता हूं। उसमें लिखा है—"The Committee are of the opinion that 2% growth of population has not only got to be arrested out reversed to a manageable level of population, at around 70 crores. Only then our great nation can truely become enonomically independent and not stand in queue before the I.M.F., World Bank and other international financial houses, etc."

भारत में यह 70 करोड़ की आबादी कैसे रह सकती है? 100 करोड़ तो इस समय हो रही है। 100 करोड़ से कितनी आगे बढ़ जाएगी, मैं जानता नहीं। परन्तु अगर यह आबादी लगातार इसी तरह से बढ़ेगी, आपका कोई भी टार्गेट पूरा नहीं हो सकता। यहां मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो कई बार आपने जनसंख्या की पालिसी बनाई वह आप अमल में नहीं ला सके। कांग्रेस के लोग भी नहीं ला सके और आप भी नहीं ला सके क्योंकि आपका सूडो सैकुलरिज्म बीच में आ जाता है। आप इंसेंटिव्ज और डिसइंसेंटिव्ज के तरीके से जैसे चाईना ने कम की है, जैसे अपने ही देश में केरल में कम हुई है, यूरोप का कोई देश भी अथवा जो विकसित देश है उनमें किसी में आबादी नहीं बढ़ रही है और हमारी आबादी इतनी भयंकर और इतनी तेजी से बढ़ती चली जा रही है और आपको डर लगता है कि ऐसी कोई बात की तो कहीं मुस्लिम्ज में रिएक्शन न हो जाए, जनसंख्या रोकने की बात की तो वहां रिएक्शन न हो जाए। आपने जरा सा इसमें कोई कंट्रोल करने की कोशिश की, कोई लॉ बनाने की कोशिश की, कोई इंसेंटिव्ज और डिसइंसेंटिव्ज दिए तो अल्पसंख्यकों में कठिनाई आ जाएगी। इसलिए पापुलेशन कंट्रोल नहीं की जा रही है। मुझे कहना है कि एप्रोच पेपर में दूसरी बात आपको यह रखनी चाहिए थी कि यहां पर पापुलेशन को कंट्रोल किया जाएगा। यह 2 परसेंट की वृद्धि से काम नहीं चल सकता है। यह तो अभी काफी समय में होगा। पहले जनसंख्या वृद्धि को एक परसेंट पर लायें, फिर जीरो पर

लाएं, फिर कुछ देर माइनस पर लायें, तब जा करके यह हालत पैदा हो सकती है, नहीं तो आने वाले और 15-20 साल में जनसंख्या इतनी बढ़ जायेगी कि जहां आपका कोई भी लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।

उपसभाध्यक्ष महोदय, तीसरी बात जिसको मैं बहुत तीव्रता से रखना चाहता हूं वह बचत का मामला है। हमारी डोमेस्टिक सेविंग्ज 23.75 परसेंट है जिसमें पब्लिक सैक्टर की 1.6 परसेंट है। मैं उसमें नहीं जाता कि हमें पब्लिक सैक्टर में कैसे सेविंग्स बढ़ानी चाहिए और कितनी भी चाहिएं। क्योंकि पब्लिक सैक्टर अगर कुछ भी नहीं देता है और केवल उसके अंदर इन्वेस्टमेंट ही होती है तो मैं समझता हूं कि ऐसे पब्लिक सैक्टर को रखने की कोई जरूरत नहीं है। परन्तु यदि विकास दर 7 परसेंट पर हमें ले जाना है और 7-8 प्रतिशत विकास दर पर 30 परसेंट डोमेस्टिक सेविंग का टार्गेट रखना पड़ेगा। पर कैसे हो? आप तो ला रहे हैं उपभोक्तावाद, आप तो ला रहे हैं कंज्यूमरिज्म, आप तो सारी दुनिया के लिए हिन्दुस्तान के बाजार खोल रहे हैं। यहां पर इस समय क्रेडिट कार्ड, फाइनांस कंपनियां, उनके इश्तहार, मल्टी नेशनल के मीडिया के इश्तहार चौबीसों घंटे उपभोक्तावाद को बढ़ावा दे रहे हैं और उस उपभोक्तावाद के कारण कंज्यूरिज्म के कारण हिन्दुस्तान में सैविंग्ज कम होती चली जा रही है। हिन्दुस्तान के नागरिकों के ब्लड में सेविंग थी। हिन्दुस्तान के हर घर में गरीब से गरीब आदमी, जो कि गरीबी रेखा से नीचे है, उसमें भी किसी रेनी डे के लिए कुछ बचत कुछ जोड़ कर रखने की आदत थी। उसका कोई फायदा उठाने की बजाय गांवों में भी कंज्यूमरिज्म जा रहा है। गांवों में भी कंज्यूमरिज्म फैलाया जा रहा है। मल्टी नेशनल कंपनियां गांवों में भी धावा बोल रही है और वहां भी धीरे-धीरे जोड़ कर रखने की बजाय सब लगे हुए हैं उधार ले करके इन्स्टालमेंट पर चीजें खरीदने में तब आपका 30 परसेंट बचत दर कैसे हो सकता है? देश में सेविंग को अगर शुरू करना था तो सरकार को अपने पास से शुरू करना चाहिए था। सरकार दिखाती कि हम लोग सेविंग्ज से काम चलाना चाहते हैं। आपके जो मंत्रियों के दौरे विदेश जा रहे हैं जो पहले भी नहीं होते थे उससे ज्यादा दौरे हो रहे हैं। कांग्रेस के जमाने में जितने दौरे नहीं थे उससे ज्यादा आपके मिनिस्टर बाहर जा रहे हैं। पहले जो मिनिस्टर ले जाते थे लोगों को अपने साथ तो अपने खर्चे पर रहते थे और अब तो उनका रहने का खर्चा भी आप करते हैं। कौन सी सैविंग आपने की है? कोई आपने रेवेन्यु एक्सपेंडीचर में सेविंग की हो, कुछ अपने ऊपर पाबंदी लगाई हो, कुछ मोटर गाड़ियां कम की हों, कुछ और किया हो, कोई मकान छोटे किए हों, चार-चार एकड़ की कोठियां छोटी की हों, जब अपने खर्चे में जब आप नहीं करते तो लोगों को क्या आप विश्वास दिला सकते हैं? इसलिए यह उदारीकरण, अय्याशी, फिजुलखर्च इन सब को आप खुद कम करके और फिर जनता के सामने अगर इसका उदाहरण पेश करें और यह सेविंग्स को हम किसी तरह से तीस प्रतिशत तक ले आएं, यह बहुत जरूरी है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं जिसका कि इसमें जिक्र नहीं है वह है कि हमारा कर्जा कितना हो रहा है? क्या कोई कर्ज मुक्त हिन्दुस्तान बनाने का आपके मन में ख्वाब है? क्या आप यह समझते हैं कि कर्जा धीरे-धीरे कम होना चाहिए। मैं सिर्फ आपको कुछ आंकड़े देता हूं। कुल इस समय एक्सटर्नल डेट है 1995 में वह 3 लाख 56 हजार 555 करोड़ था, 1996 में वह है 3 लाख 28 हजार 179 करोड़ और इस साल के री-पेमेंट ऑफ्डेट क्या है? री-पेमेंट आफ डेट आपके इस प्लान पेपर में लिखा है इसमें बजट में कि हमने डेट री-पेमेंट 74 हजार 625 करोड़ रुपये की है। और कुल इंटरेस्ट पेमेंट है 68 हजार करोड़। फिर टोटल "डेट सर्विस" हुई। लाख 42 हजार 632 करोड़ रुपये है। यह डेट सर्विस है और आप की टोटल रेवेन्यू इनकम कितनी है? सब करों को व अन्य आय मिलाकर वह पिछले साल। लाख 30 हजार करोड़ रुपये थी और इस साल आप उम्मीद करते हैं कि वह। लाख 53 हजार करोड़ हो जायेगी। इस तरह आप की पूरी-की-पूरी आमदनी डेट सर्विस में जा रही है और जो आप का रेवेन्यू खर्च है-पुलिस का, डिफेंस का खर्च, तनख्वाहों का, पेंशन का और सारे खर्चे रेवेन्यू के, प्लान का तो अलग है, यह सब आप उधार के पैसे से कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि आप यदि डवलपमेंट करने के लिए उधार लें तब तो ठीक है, लेकिन आप तनख्वाहें दे रहे हैं उधार से, पेंशन दे रहे हैं उधार से, पुलिस का और डिफेंस का खर्चा उधार से चला रहे हैं। टोटल रेवेन्यू एक्सपेंडीचर, सिवाय डेट सर्विस के सारा-का-सारा आप उधार के पैसे से कर रहे हैं। क्या यह आप के अप्रोच में है कि जो आप की टोटल आमदनी है, कम-से-कम उस से ज्यादा तो डेट सर्विस ने हो जाए? आप पैसा लें, कर्ज लें और प्लान में खर्च करें, लेकिन डवलपमेंट को कम करते चले जाएं, यह नहीं चल सकता।

उपसभाध्यक्ष महोदय, किसी ने कहा था कि, "उधार के सूरजों से अच्छा है, हमारा मिट्टी का दिया।" आप अपने मिट्टी के हजारों, लाखों दिए जलाएं और उन से अपना नया सूरज बनाएं। यह तो बात समझ में आती है, लेकिन उधार का सूरज लेकर आप कब तक चलेंगे? जिस

दिन वह सूरज चला जाएगा, वह अपने हाथ कस लेंगे, वर्ल्ड बैंक हाथ कस लेगा, उस समय आप के सामने अंधेरा-ही-अंधेरा होगा और आप सारे हिन्दुस्तान को अंधेरे में डुबो देंगे। इसलिए उपसभाध्यक्ष महोदय, प्लान पेपर में इस बारे में बात आनी चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आप की पार्टी का 45 मिनिट का समय है और 4 वक्ता हैं। अभी आधा समय हो चुका है।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: महोदय, पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत जो सौ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स हैं, इन में से 111 प्रोजेक्ट्स में खर्चा बढ़ गया है 50 हजार करोड़ रुपया। मॉनीटरिंग भी आप करते हैं और लेकिन 50 हजार करोड़ रुपया खर्चा बढ़ा कैसे। जब प्लान बनाया था तो इनफ्लेशन को ध्यान में रख कर बनाया था उस के बावजूद 50 हजार करोड़ रुपया 111 योजनाओं में बढ़ गया। आप इस के लिए जिम्मेदार हैं कि नहीं? कोई हेड फाल करता है? किसी आदमी को आप सस्पैंड या डिसमिस करते हैं। जो अफसर योजनाएं तो बनाएं 4 हजार करोड़ रुपए की और बाद में खर्चा 12 हजार करोड़ का हो जाये? उपसभाध्यक्ष महोदय, यह इसी प्लानिंग डिपार्टमैंट का ही काम था जिस पर आप ने ध्यान नहीं दिया।

इसी तरह उपसभाध्यक्ष महोदय, जो पब्लिक सेक्टर के, बैंक्स के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स हैं वह 40 हजार करोड़ के करीब हैं। इस 40 हजार करोड़ का कर्जा, चाहे वह इंडियन बैंक से हो या दूसरे बैंक हों, यह नॉन-परफॉर्मिंग हो, बैड डेट्स में हो, आप ने लिख दिया है कि वह वसूल नहीं हो सकता। उस को खत्म कर दिया जाए। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह 40 हजार करोड़ रुपया कोई छोटी रकम नहीं है। यह 40 हजार करोड़ रुपया बैंकों से लोग कैसे खा गए? महोदय, जो यह बड़े-बड़े घराने हैं, वह खा गए हैं। उन के ऊपर आप ने क्या कार्यवाही की है? क्या किसी को ब्लैक लिस्ट किया गया है? क्योंकि उस में सब बड़े-बड़े पॉलिटिकल आदमियों के लोग खा गए हैं इसलिए आप ने उन के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो टोटल आउटस्टैंडिंग डिमांड्स हैं इनकम टैक्स और कार्पोरेशन टैकस की, यह इस समय 30 हजार करोड़ रुपए की हैं, 40 हजार करोड़ रुपए बैंकों के खाते में से निकल गए, 50 हजार करोड़ रुपए की योजनाएं का खर्चा बढ़ गया। यही सारे खर्चे हैं जिन की वजह से हमें कर्ज लेना पड़ रहा है। महोदय, अगर इन रुपयों को वसूल किया जाए तो बहुत से काम आगे बढ़ सकते हैं। ब्लैक मनी का कुछ प्रतिशत भी आप निकाल लें, जो ब्लैक मनी हिन्दुस्तान में है और विदेशों में है, उस का कुछ प्रतिशत भी आ जाय तो यह योजना के कार्यान्वयन में सहायक हो सकता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हू कि इस अप्रोच पेपर में हम ने समाज के सब से पिछड़े हुए आदमी के लिए, ''लास्ट मेन इन द क्यू'' के लिए क्या किया है? उस को क्या लाभ दिया है? क्या हर आदमी को आप प्रायमरी हैल्थ सेंटर देंगे। मैं यह कह सकता हूं कि प्रायमरी हैल्थ सेंटर अभी इस पांच साला योजना में कतई नहीं होगा।

और यह क्या हो रहा है? यह जो ड्रीम बजट आप ने बनाया है चिदम्बरम साहब का यह जो ड्रीम बजट है, यह कितने आदमियों को फायदा पहुंचाता है? इन्कम टैक्स में रिबेट कितने आदमियों को फायदा पहुंचाती है? एक परसेंट। एक परसेंट टैक्स पेयर हैं, जिसके लिए आयकर 40 से 30 परसेंट हो गया या 30 से 20 परसेंट हो गया। एक परसेंट के लिए सारा प्लान बनाया जाता है। एक परसेंट लोगों के लिए आप ड्रीम बजट बनाते हैं। इसे ड्रीम बजट कहते हैं, नहीं तो ड्रीम बजट और क्या है। आपने एक्साइज कम कर दिया या आयात कम कर दिया, इससे यह 3 परसेंट को लाभ होगा। आपका यह जो प्लान है, इसका पता तो बाद में चलेगा कि दस हजार करोड़ प्लान खर्च नहीं करने से क्या हानि होगी? कहने को तो बड़ा भारी ड्रीम बजट है, परन्तु मैं कहता हूं कि यह वैसा ही है-

> दुनिया को कुछ पता नहीं क्या हादसा हुआ,
> फेंका था उसने संग गुलों में लपेट कर।

यह माला में लपेट कर, फूलों में लपेट कर पत्थर मारा गया है। अभी दुनियां को पता नहीं लग रहा है कि क्या हादसा हुआ है। उनको तो माला दिखाई दे रही है। उसके अंदर का पत्थर, जो गरीब आदमी के सिर पर लग रहा है, उसको वह दिखाई नहीं दे रहा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, महोदय, नवीं योजना के लिए मैं तीन-चार सुझाव देना चाहता हूं। पहला सुझाव तो यह है कि इसमें यह कीजिए कि आप न्यूक्लीयर ऑप्शन को पूर्ण करेंगे, एटम बम बनाएंगे। मैं सी.टी.बी.टी. पर आपने दस्तखत नहीं किए तो उसकी सजा तो हमको मिली है। हम जानते हैं, हमने इस हाऊस में तय किया था कि सी.टी.बी.टी. में दस्तखत नहीं करेंगे, इससे हमें यू.एन.ओ. सुरक्षा परिषद में सीट इससे खोनी पड़ी, बाकी सब। गुजराल साहब ने कहा था कि देश ने बड़ा भारी त्याग किया है। अगर त्याग किया है तो फिर उसका जो ऑप्शन है, जिसके लिए हमने बलिदान किया है, उसको अपनाते क्यों नहीं? आपको न्यूकलीनर बम बनाना चाहिए। इसके लिए नवीं

योजना में मेंशन करना चाहिए और बजट प्रावधान करना चाहिए। पहली बात तो मैं इसमें यह कहना चाहता हूं। दूसरी बात, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें नवीं योजना में राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में बल देना चाहिए। आज पाकिस्तान की आई.एस.आई. क्या कर रही है? सारे देश को बर्बाद करने की साजिश की जा रही है? घुसपैठ यहां पर हो रही है? यह तो आतंकवाद की आई.एस.आई. की एक्टिविटीज हैं, उसका मुकाबला करने के लिए प्लान में आपने क्या योजना रखी है? क्या आपने कोई योजना बनाई है कि अपनी इंटलीजेन्स को आप इस तरह से मजबूत करेंगे? हिन्दुस्तान में राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं? ला एंड आर्डर मैण्टेन किया जाएगा, कोई आतंकवादी हिन्दुस्तान में नहीं रहेंगे, इसके लिए नवीं योजना में कोई कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। इस ओर भी ध्यान जाना चाहिए।

नेशनल इंटीग्रेशन के लिए प्लान में क्या है? आप बड़े बड़े डैम बनाएंगे, यह करेंगे, वह करेंगे, वह अलग बात है। पिछली सारी योजना में आपको मालूम है, आपने पांच करोड़ रुपए रखे नेशनल इंटीग्रेशन के लिए। आपके 8 लाख करोड़ के प्लान में सिर्फ पांच करोड़ नेशनल इंटीग्रेशन के लिए, जो थोड़े से कैम्प लगाकर आपने खर्च कर दिए। जब देश में जाति के नाम पर लोगों को तोड़ा जा रहा है, देश को टुकड़े टुकड़े किया जा रहा है, तब भी नेशनल इंटीग्रेशन के लिए कोई बड़ी योजना प्लान में कहीं पर दिखाई नहीं दे रही है। प्लान के अंदर योजना बनाएं नेशनल इंटीग्रेशन के लिए, देश को जोड़ने के लिए, आदमी बनाने के लिए, देशभक्ति पैदा करने के लिए। मैं कहना चाहता हूं कि अपने स्वाभिमान को आप जगाइए, देश में देशभक्ति जगाइए, दुनियां में सबसे श्रेष्ठ बनने का संकल्प कीजिए और जिन बातों का मैंने उल्लेख किया है, उसको प्लान में लीजिए ताकि नवीं योजना के बाद हिन्दुस्तान के हर आदमी को दुनियां के श्रेष्ठ देशों में एक श्रेष्ठ देश का नागरिक होने का गौरव प्राप्त हो।

उपसभाध्यक्ष जी, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपने विचार समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): श्री सोमपाल जी। ऐसा है कि इस चर्चा के लिए चार घंटे का समय है।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: यह तो 8 घंटे के लिए रखी गई थी।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): नहीं, 4 घंटे के लिए है, आज ही इसे समाप्त करना है और आप सबको इसमें सहयोग देना है। आप सबके सहयोग से इसे आज ही समाप्त करना है।

श्री सोमपाल (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम स्वतंत्र देश के स्वतंत्रता प्राप्ति के पचासवें वर्ष में नियोजन पद्धति की समीक्षा करने जा रहे हैं और इसी विषय के ऊपर आज यहां चर्चा हो रही है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जितना महत्वपूर्ण निर्णय हमारे राष्ट्र के कर्णधारों, राष्ट्र के निर्माताओं ने लिया था कि हम लोकतांत्रिक और संसदीय प्रणाली से अपने देश का संचालन करेंगे, उतना ही महत्वपूर्ण निर्णय यह था कि हम अपने आर्थिक विकास और प्रगति के लिए योजनाबद्ध पद्धति का सहारा लेंगे। और इसकी एक वैचारिक और ऐतिहासिक पृष्ठाभूमि थी। एक ओर तो ब्रिटिश साम्राज्य का 200 वर्ष का भारत का शोषण है। जितना भी उन्होंने विकास के नाम पर यहां किया, चाहे तो आधारभूत ढांचे का विकास किया हो, जिसमें रेल है, सड़क है, नहर है, संचार है या प्रशासन की व्यवस्था अथवा कृषि और उद्योग, सारे के सारे का उद्देश्य यह था कि भारत के प्राकृतिक, मानव और दूसरे संसाधनों का दोहन करके, शोषण करके अपने साम्राज्य का पुष्ट करना और अपनी समृद्धि करना। इसका इतिहास गवाह है, इसके विवरण में जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरी वैचारिक दृष्टि से उतनी ही महत्वपूर्ण यह बात थी कि साम्यवाद, जिसके प्रणेता मार्क्स थे, उसमें एक विचार पुष्ट हुआ 19वीं शताब्दी के अंत में और 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में और जिसमें इस व्यवस्था का स्थापना की गई, इस अवधारणा की स्थापना की गई कि किसी भी राष्ट्र अथवा समाज की जितनी भी सम्पत्ति है, जितना समाज है, वह किसी का निजी नहीं है, वह उस पूरे समाज का है और उस पूरे समाज के समता-मूलक कल्याण के लिए उसका उपयोग किया जाना चाहिए और इसमें राज्य की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका थी। तीसरा उतना ही महत्वपूर्ण विचार, मान्यवर, कल्याणकारी राज्य की अवधारणा थी जिसको वेलफेयर स्टेट कहा जाता है, जिसमें राष्ट्र का केवल यह मूल कर्त्तव्य जो पहले माना जाता था कि वह राष्ट्र को बाह्य आक्रमण और आंतरिक दुर्धर्ष से सुरक्षा प्रदान करे, उससे आगे हटकर एक हस्तक्षेपात्मक नीति का उसे निर्माण करना है, जिसमें राष्ट्र के संसाधनों का, राष्ट्र की प्रवृत्तियों का, नागरिक व्यवहार का इस प्रकार का नियमन और नियंत्रण किया जाए जिससे वह भागीदारी लेकर उत्साहपूर्वक राष्ट्र की समृद्धि में अपना हाथ बंटा सके। इन तीनों विचारों से प्रभावित होकर हमारे मनीषी और दूरंदृष्टा नेताओं ने इस नियोजित विकास प्रणाली का अवलम्बन किया और हमारे प्राचीन विशाल देश के लिए, उपसभाध्यक्ष महोदय,

यह कोई अनोखी या नवीन बात नहीं थी। बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय का मूलमंत्र हमारी प्राचीन पद्धति में, हमारी प्राचीन सभ्यता में पहले से निहित था और इतना ही नहीं कि वह मंत्र के रूप में था बल्कि जितने भी प्रशासन उस प्राचीन समय में हुए, उन सब प्रशासनों का मूल आधार भी वह रहा। नियोजन पद्धति के ऊपर हमारे उपनिषद् में, जिनको विश्वभर के मनीषियों ने, चिंतकों ने, विद्वानों ने मानव सभ्यता की सर्वोत्कृष्ट चिंतन-माला माना है, उसमें यह कहा गया है समाज को कहा है कि जिस स्थिति में आप हैं, उससे उठिए, जागृत होइए, जितने आपके संसाधन और क्षमता है, उनका लेखा-जोखा कीजिए और जो आपकी वरीयताएं हैं, जिस लक्ष्य की ओर आप बढ़ना चाहतें हैं, उनका क्रमण कीजिए और उसके साथ-साथ अपनी कार्यशैली का, अपने कार्यवृत्त का निष्पादन और नियोजन कीजिए। मान्यवर, पाश्चात्य चिंतक हेगल के विषय में कहा जाता है कि उसने तर्क के तीन पक्ष माने हैं एक थीसिस, दूसरा एंटी थीसिस और तीसरा सिंथैसिस। यानी एक विचार, उसका प्रतिविचार और दोनों का समन्वय। हमारे चिंतक उससे एक कदम आगे गए है। तर्कशास्त्रियों ने तो कहा है कि हर योजना के विषय में एक पूर्व पक्ष है, एक उत्तर पक्ष है, एक संधि है और एक संधानम है, जिसको एक्शन प्लान कहा है और इस तत्व से प्रेरणा लेकर हमारे जो राष्ट्र नेता थे, उन्होंने इस मार्ग पर चलने का संकल्प हमारे समक्ष प्रस्तुत किया और नियोजन के यह तत्व एक नहीं, ग्राम से लेकर नगरों तक और राष्ट्र के स्तर तक सभी तरह से विद्यमान थे। इसलिए हमारे लिए यह निर्णय करना कोई आकस्मिक घटना नहीं थी बल्कि हमारे लिए नैसर्गिक, सहजात, परम्परागत प्रवृत्ति के परिणाम का निर्णय था और उस संकल्प की परिणति थी। अर्थशास्त्र की आधुनिक और अद्यतन विचारधारा और सिद्धान्त के अनुसार भी यह पद्धति हमारे देश के लिए सर्वश्रेष्ठ है। अर्थशास्त्र की जो आधुनिकतम परिभाषाएं की गई हैं, यह सब मानते है कि लायनिल रोबिन्स की वह परिभाषा, जिसमें सीमित संसाधन, जिनके वैकल्पिक उपयोग हो सकते हैं, उनका राष्ट्र के हित में सर्वोत्तम या सर्वश्रेष्ठ उपयोग कैसे किया जाए, इस विद्या को अर्थशास्त्र कहा जाता है और यही नियोजन का मूल आधार भी है, चाहे वह बजट हो, परिवार का हो अथवा राष्ट्र का हो, उसका मूल तर्क आधार सदा यही रहा है, इसी के ऊपर हमारी नियोजन पद्धति आधारित है।

इसी आधार को स्वीकार करके, इसी बात को अंगीकार करके हमने पंचवर्षीय योजना बनाने का निर्णय किया और आज 5-5 वर्षों की 8 पंचवर्षीय योजनाएं हम संपन्न कर चुके हैं इन 50 वर्षों में। मान्यवर, आज की चर्चा कई कारणों से महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। एक तो यह कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दूसरा यह कि यह 8वीं पंचवर्षीय योजना का समापन वर्ष है और तीसरा यह कि नवीं पंचवर्षीय योजना का शुभारंभ इसी वर्ष में होने जा रहा है और वह भी एक ऐसे मनीषी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और उतने ही मनीषी और उतने ही बड़े विद्वान और विश्वविख्यात अर्थशास्त्री और व्याख्याकार डा. अलघ, जो न केवल हमारे अध्यापक रहे बल्कि हमारे मार्गदर्शक भी रहे और अब साथी भी हैं, उनके नेतृत्व में मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह नियोजन पद्धति सफलताओं के नए उत्कर्ष हासिल करेगी।

मान्यवर, यह जो ऐतिहासिक मोड़ आया है, जब आठवीं पंचवर्षीय योजना से हम नवीं पंचवर्षीय योजना में प्रवर्तन करने वाले हैं, इस समय हमें यह समीक्षा करनी है, यह आत्म-विश्लेषण करना है, यह पुनरीक्षण करना है कि हमारा जो नियोजन रहा है, उसके अब तक जो परिणाम आए हैं, उनमें हमने कहां तक सफलता प्राप्त की है, उसमें कहां खामियां रही हैं, कहां त्रुटियां रही हैं, कहां कमियां रही हैं और कितनी उपलब्धियां हमने प्राप्त की हैं और कितनी सफलताएं हमने प्राप्त की है, इन सबकी गणना हमें करनी चाहिए। इन 46 वर्षों के बहुमूल्य अनुभव से हमें जो सबक मिले हैं, उन सबको के प्रकाश में हमें यह देखना और प्रयास करना है कि उन कमजोरियों को कैसे दूर करें और जो सफलताएं और उपलब्धियां हमने हासिल की हैं, उनको और अधिक उत्साह के साथ कैसे सुदृढ़ करें।

मान्यवर, इस संबंध में मैं यजुर्वेद का एक मंत्र उद्धृत करना चाहता हूं जिसमें कहा गया है कि "वायुर्अनिलं ममृतम मथेदम भस्मातं शरीरं"।

और उसकी जो द्वितीय पंक्ति है वह बहुत महत्वपूर्ण है। उसमें इतिहास है, इतिहास की ओर इंगित किया गया है और मानव व्यवहार किस प्रकार अपने पूर्वानुभव से निर्दिष्ट होता है, इसकी तरफसंकेत किया गया है। उसमें कहा गया है कि-

"कृतोस्मरै: कृतुस्मरै: क्लीवेस्मरै: कृतुमस्मरै:"

उसमें यह कहा गया है कि जो अब तक किया है उसका लेखा-जोखा करें और जहां कहीं भूल अथवा गलती की है, उसका जायजा लें और उसके परिवेश में, उसकी पृष्ठभूमि में हमें आगे क्या करना है, उसका निर्णय और उसका संकल्प करें। मान्यवर, यह बड़े संतोष और गौरव की बात है कि विश्व का यह विशालतम देश भारत,

जो सर्वाधिक विवधताओं और विरोधाभासों से भरा हुआ देश है, वहां नियोजित विकास के ये 8 पंचवर्षीय कदम हम सफलतापूर्वक और दृढ़तापूर्वक उठाकर प्रगति के इस बिंदु पर पहुंचे हैं और विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि न तो पश्चिम के पूंजीवाद के आधार पर और न मार्क्स के साम्यवाद के आधार पर, बल्कि अपनी मौलिक दार्शनिक पद्धति जो समन्वय की समग्रपूर्ण शैली रही है, जिसने पूर्व, उत्तर, संधि और संधानम जैसे तर्काधार हमें दिए हैं, उनके आधार पर हमने प्रगति की है। हमने मिश्रित अर्थव्यवस्था के आधार पर भी प्रगति की है और इसका एक नया मानदंड हमने स्थापित किया है विश्व के सामने।

मान्यवर, ज्यादा गौरव की बात यह है कि हमने यह न किसी अधिनायकवाद के तहत किया है और न साम्यवाद की स्टेट डॉयरेक्टेड इकॉनमी के आधार पर किया है। हमने लोकतांत्रिक पद्धति को अपनाते हुए, इस लोकसभा के 11 चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न करते हुए, लोकतांत्रिक पद्धति को सुदृढ़ करते हुए, लोगों के मताधिकार के द्वारा, उनके मतैक्य के द्वारा, उनकी सहमति के द्वारा इस नियोजन पद्धति को सफलतापूर्वक अपने देश में अपनाया है।

मान्यवर, इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है हमने सर्वतोन्मुखी प्रगति की है। यदि हम खाद्यान्न उत्पादन की बात लें तो आज हमारा खाद्यान्न का उत्पादन 51 मिलियन टन से 191 मिलियन टन हो गया है। किसी का यह विश्वास नहीं था कि भारत कभी खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हो सकता है। किसी-किसी वर्ष में तो यह स्थिति भी आई कि हम निर्यात की स्थिति में आ गए। अभी उसमें और वृद्धि की आशा है। हमारे पास जो संसाधन हैं, जो हमें ईश्वर ने धरोहर दी है, विश्व की 15 जलवायु केवल हमारे देश में पाई जाती है। अत्यंत महत्वपूर्ण मृदाएं, अत्यंत उर्वर मृदाएं हमारे देश में पाई जाती हैं।

और अगर जैव विविधता की बात लें तो इतनी फसलें, इतने फल, इतनी सब्जियां, इतने पशु चाहे वह जंगली हों अथवा घरेलू पशु विश्व के किसी एक देश के अंदर नहीं हैं। तो यह अपार प्राकृतिक सम्पदा हमारे लिए अत्यन्त आशा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसलिए मुझे पूर्ण आशा है कि माननीय अलग साहब के नेतृत्व में यह देश उत्तरोत्तर प्रगति की ओर बढ़ेगा। हमारी प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। स्वास्थ्य सेवाओं का प्रसार हुआ है, औसत आयु बढ़ी है, महामारी और बीमारियों पर नियंत्रण पाने में हमने अपूर्व सफलता प्राप्त की है। आधारभूत ढांचा चाहे वह सड़क हो अथवा यातायात के साधन, बंदरगाह हों अथवा बिजली, संचार के साधन हों, शिक्षा हो, रोजगार हो, वस्त्र की उपलब्धि हो सब में वृद्धि हुई है। आंकड़ों में मैं नहीं जाना चाहता हूं, वह सब पुस्तकों में भरे पड़े हैं यह जो अभिगम है नवीं पंचवर्षीय योजना का प्रस्ताव मेरे हाथ में है और मेरे से पहले बहुत मनीषी और विद्वान, हमारे पूर्व वित्त मंत्री और योजना आयोग के उपाध्यक्ष और विदेश मंत्री माननीय श्री प्रणव मुखर्जी जी यह सब आंकड़े दे चुके हैं इसलिए मैं सदन का समय उनकी पुनरावृत्ति करके बरबाद नहीं करना चाहता। परन्तु यह तथ्य है कि हमने आशातीत प्रगति की है। परन्तु यह बात भी अपने आप में उतनी ही सत्य है कि एक तो हमने यह प्रगति अपेक्षित गति से नहीं की और दूसरे इस प्रगति के कारण इस विकास के उत्पन्न होने वाले लाभ का अधिकांश भाग जनसंख्या के कुछ विशेष और सीमित वर्गों तक सीमित होकर रह गया है। जो जनसंख्या का अधिकांश भाग है खास तौर से गांवों में रहने वाला, गंदी बस्तियों में रहने वाला जिसको 40 प्रतिशत से नीचे गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 40 प्रतिशत लोगों की बात कही जाती है उसको इसके प्रतिफल का समुचित भाग नहीं मिला और उसका कारण यह है कि जनाक्रोश बढ़ा है। गांवों में आंदोलन हुए हैं, किसान आंदोलन उभरे हैं, हिंसा भड़की है। लोगों का राज्य के प्रति और इस नियम के प्रति और नियोजन के विकास के प्रति जो विश्वास था वह टूटा है। यह बहुत भयावह स्थिति है इस ओर हमारा ध्यान जाना आवश्यक है। इसमें जैसा मैंने कहा कि गरीब और अमीर की आय का अंतर बढ़ा है। यदि मैं गांव और शहर की आय का अंतर लूं तो 1960-61 नहीं, 1970-71 तक भी उसमें एक-दो का अनुपात था। यहां डा॰ अलघ बैठे हैं। बहुत ऐसे मौके आए हैं बहुत से ऐसे मंच हैं हमारी साही चर्चा होती रही है यह मेरी बात का समर्थन करेंगे, सहमत होंगे कि वर्तमान में वह एक से साढ़े छः या एक से सात हो चला है। यानी एक रुपए के अपेक्षा गांव के या कृषि में लगे मजदूर और वहां के व्यक्ति की केवल 15 या 16 पैसे आय है। तो यह स्थिति है। ऐसी स्थिति में अलगाव होना, विलगाव होना, आक्रोश होना, हिंसा होना बहुत स्वाभाविक बात है, इसके लिए मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

यदि सातवीं पंचवर्षीय योजना का हम जायजा लें क्योंकि आठवीं तो अभी पूरी हुई नहीं है। यह जो एप्रोच पेपर है, यह जो प्रस्तावना है नवीं पंचवर्षीय योजना की इसमें भी आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष तक के सारे आंकड़े उपलब्ध नहीं है, केवल चार वर्षों के है। पूरा यह दस्तावेज मैंने पढ़ा है। पर मैं सातवीं पंचवर्षीय योजना के जो पूरे आंकड़े हैं उनमें से कुछ चुने हुए आंकड़े आपके समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूं। यदि विकास के लिए दिया गया सारा संस्थागत ऋण हम लें तो केवल 17

प्रतिशत कृषि के लिए दिया और उसमें 83 प्रतिशत कृषि से इतर क्षेत्रों के लिए। भवन निर्माण का जितना ऋण दिया गया उसमें केवल 11 प्रतिशत गांवों में, 89 प्रतिशत शहरों में गया। जितनी बिजली सातवीं पंचवर्षीय योजना में भारत में प्रवाहित हुई उसकी मात्रा 26 प्रतिशत कृषि को गई, 74 प्रतिशत गैर कृषि क्षेत्र को। स्कूली शिक्षा की जितनी सीटें बनी उसमें केवल 30 प्रतिशत गांवों में और 70 प्रतिशत शहरों में। उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा की जितनी सीटें बनी उनका 20 प्रतिशत गांवों में और 80 प्रतिशत शहरों में गया। जबकि जनसंख्या का अनुपात 1991 की जनगणना के अनुसार मान्यवर, यह है कि गांव में आज भी 74.3 प्रतिशत व्यक्ति रहता है और शहर में 26 प्रतिशत से कुछ कम। जहां तक अस्पतालों का, पुलिस का, सुरक्षा का, बैंकों का, सड़क का, आवास का सब का यही आलम है। आधे गांव आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। 70-80 प्रतिशत के बीच गांव ऐसे हैं जिनके 5 किलोमीटर तक न तो पक्की सड़क है, न स्कूल है, न प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र है, न पशु चिकित्सा केन्द्र है, न मशीनरी की सुविधा उपलब्ध है न कृषि उत्पादन के विपणन की मंडी है, न बीज गोदाम है, न अनाज गोदाम हैं। यह सब डा॰ अलग को मालूम है क्योंकि यह योजना आयोग के सदस्य भी रहे हैं। कीटनाशक और उर्वरक और कृषि यंत्रों की दुकानें नहीं हैं 10-10, 20-20 किलोमीटर तक। कृषि उत्पादों के मूल्यों और कृषि में काम आने वाले निवेशों तथा ग्रामीण उपभोग की सामग्री के मूल्यों के अंतर की बात यदि लें जिसको टर्म्स आफट्रेड कहा जाता है।

For the whole 50 years they have been adverse, they have been against the farmers. और केवल एक अध्ययन का मैं हवाला देना चाहता हूं। वैसे तो अध्ययन यहां उपलब्ध हैं डाक्टर स्वामी और गुलाटी का एक अध्ययन जिसके विषय में हमारे यहां इस कटघरे में बैठ हुए अधिकारीगण, योजना आयोग के डा॰ विमल जालान सहित अधिकारी बैठे हैं और डाक्टर अलग हैं। 1970-71 और 1983-83 के बीच इस कृषि विरोधी तंत्र मूल्य प्रणाली के कारण 58 हजार करोड़ रुपया कृषि इतर क्षेत्र को हस्तांतरित किया गया और उसके बाद यहां बात की जाती है कि किसानों पर टैक्स लगा दिये जाएं।

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): Sir, I am on a point of order. Can an hon. Member address the gallery?

SHRI SOM PAL: If it is against the rules, I withdraw my words. I am sorry. I will not repeat it. I am thankful to him because he has informed me.

मान्यवर, सिंचाई की बात लें। जब हम स्वतंत्र हुए, उस समय केवल 29 मिलियन हैक्टेयर सिंचाई की व्यवस्था थी और सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक यह 45 मिलियन हैक्टेयर हुई है। पर यह तथ्य अपने स्थान पर है कि आज भी केवल 30 प्रतिशत कृषि को सुनिश्ति सिंचाई उपलब्ध है, बाकी 70 प्रतिशत इंद्र भगवान की अनुकम्पा पर आधारित है और वही क्षेत्र हैं जहां सबसे ज्यादा दुर्गति है। उत्पादन में कितनी विषमता है, आय में कितनी विषमता है, इसका आप इस बात से अनुमान लगा सकते हैं कि हमारा जो औसत राष्ट्रीय उत्पादन है, वह आज भी 1.7 टन प्रति हेक्टेयर है। पंजाब, हरियाणा जैसे ऐसे क्षेत्र हैं जहां सुनिश्चित सिंचाई उपलब्ध है, वहां साढ़े चार-पांच टन तक उत्पादन प्रति हैक्टेयर पहुंच चुका है। पर पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में और राजस्थान में जहां सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है, एक टन से कम, .8 टन प्रति हैक्टेयर उत्पादन आज भी है। अगर विदेशों के साथ हम मुकाबला करें तो जापान और चीन मे 5 से 6 टन तक प्रति हैक्टेयर उत्पादन पहुंच चुका है। और तो और मिश्र, नेपाल, बांग्लादेश, लंका और पाकिस्तान से भी हमारा प्रति हैक्टेयर उत्पादन आज कम है। इसका कारण क्या है? कारण बहुत स्पष्ट है। डाक्टर अलघ को जानकारी है, मेरा कहना भी उनके लिए बेकार है पर संसद की जानकारी के लिए और रिकॉर्ड के लिए मैं कहना चाहता हूं। कृषि और ग्रामीण विकास में अपेक्षा से कम निवेश किया गया। यह सारे नियोजन विभाग के और योजना आयोग के लोगों को मालूम है कि पिछली कई पंचवर्षीय योजना में रीयल टर्म्स में ऐग्रीकल्चर में जो निवेश हुआ है, इनवैस्टमैंट हुई है, वह कम हुई है। प्रतिशत के तौर पर कम हुई है, टर्म्स ऑफट्रेड भी उनके विरोध में रहे हैं इस कारण कृषि अपने आप में लाभकारी व्यवसाय नही रहा है इसलिए वहां आय कम हुई है। इसीलिए उसमें पूंजी विनिर्माण जो किसी एक स्थिति में 21 और 18 प्रतिशत हुआ था, 7 दशमलव कुछ प्रतिशत रह गया है। और अधिक चिंता का विषय है कि सार्वजनिक क्षेत्र में पूंजी विनिर्माण 5.9 तक रह गया है निजी क्षेत्र में तो फिर भी 11 दशमलव के करीब है। दूसरे आधारभूत ढांचे में निवेश अपेक्षा से बहुत कम हुआ है जिसकी ओर माननीय प्रणव मुखर्जी जी इंगित कर चुके हैं, मैं उसकी पुनरावृत्ति नहीं करना चाहता और नवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारूप में इस प्रस्तावना में भी इसका उल्लेख और इसकी स्वीकृति है। गैर उत्पादक सरकारी खर्च में अंधाधुंध वृद्धि होने से घाटे की अर्थव्यवस्था की निर्माण हुआ जिसके कारण हमारी सारी इकॉनमि, हमारी सारी अर्थव्यवस्था ऊंची लागत की अर्थव्यवस्था बन गयी।

और सारी बातें भी हैं, लेकिन मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता, आगे उसके लिए संक्षेप में इंगित करूंगा। नवीं पंचवर्षीय योजना का जो अभिगम प्रस्ताव मुझे मिला, इसके विषय में एक संक्षेप टिप्पणी करना चाहता हूं। इतने बड़े-बड़े विद्वानों ने इस प्रारूप की रचना की है पर जितनी इसमें रीपीटिशंस हैं, जितनी पुनरावृत्ति है, उससे बचा जा सकता था। डाक्टर अलघ से मैं निवेदन करूंगा, संभवतया उन्होंने पढ़ तो लिया होगा कि यह ड्राफ्टिंग राष्ट्र के स्तर की ड्राफ्टिंग नहीं कही जा सकती। यदि किसी विदेशी के हाथ में यह पड़े तो एक-एक बात का 20-20 जगह रिपीट किया गया है। यह प्रारूप चाहे एक महीने बाद आता, इससे ज्यादा अच्छी तरह से अभिलिखित इसे होना चाहिए था। यह कोई उत्साहजनक अभिलेख नहीं है। मैं चाहूंगा कि जो अन्तिम ड्राफ्ट आप करें उसमें इस दोष को दूर करने का प्रयत्न करें। एक बात इसके विषय में बहुत अच्छी है कि कुछ स्वीकार्य युक्तियां इसमें बड़ी ईमानदारी से की गई हैं। जहां-जहां हमारी कमियां रहीं हैं, कमजोरियां रही हैं उनकी गणना की गई है और यह संकल्प भी लिया गया है, स्पष्ट संकेत दिया गया है और जोरदार संकेत दिया गया है कि इन कमियों को हम दूर करना चाहते हैं। फिर भी, मैं यह मानना हूं कि जितनी अपेक्षित दृढ़ता और स्पेसिफिसिटी से कहा जाना चाहिए था उतना नहीं होगा।

Most of the statements are vague and general statements which has always been the case with all our Five-Year Plan documents.

आज जनता इन ढीलेढाले, धुंधले वक्तव्यों से और वाक्यों से प्रभावित होने वाली नहीं है, उसको विश्वास नहीं है वह एक ठोस बात सुनना चाहती है, स्पेसिफिक बात सुनना चाहती है कि आप क्या करना चाहते हैं। इस दस्तावेज में मैं कुछ कमियों का अनुभव करता हूं और इसीलिए कुछ सुझाव देकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं।

मान्यवर, पहले मैं एक अनुभव आपको सुनाना चाहता हूं। कुछ दिन पूर्व एक किसी सभा के दौरान योजना आयोग के वरिष्ठ सदस्य से मेरी बात हुई। अब मैं नाम नहीं लूंगा क्योंकि स्वामीनाथन जी फिर आक्षेप करेंगे।..

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI YOGENDRA K. ALAGH): I think it is okay. If there is a convention that one does not refer to the officials in the gallery, that is a separate issue. But the Planning Commission is full of distinguished economists and there should not be any problem, whatsoever, in referring to them. in the debate ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): He is referring to a Member of the Planning Commission... ...*(Interruptions)*...

SHRI YOGENDRA K. ALAGH: I am only making a point that there should not be any problem, whatesoever, in referring to the distinguished economists who work in the Planning Commission either as Members or on the staff side. I am only making a point. I would like to stand by them. ...*(Interruptions)*...

SHRI R.K. KUMAR (Tamil Nadu): My leader was only referring to the gallery ...*(Interruptions)*...

SHRI SOM PAL: I fully accept the correction. I have already accepted it. I am encouraged by what Dr. Alagh has said. But I am not naming anyone. तो वहां वह चर्चा हुई और उनसे मैंने एक प्रश्न किया कि योजना आयोग के सदस्य महोदय क्या आप योजना आयोग में ऐसी नीतियों का निर्माण भी करते हैं कि जो संसाधन अनअपेक्षित हों यानी उनके लिए वित्तीय अथवा भौतिक संसाधनों की उपेक्षा नहीं हो, केवल ऐसी नीतियां हों जिनसे अच्छे वातावरण का निर्माण हो और उत्पादकता में वृद्धि हो, वातावरण बेहतर हो। तो उन्होंने कहा कि ऐसी नीतियों का निर्माण योजना आयोग नही करता।

मैंने उनसे दूसरा प्रश्न पूछा कि क्या आप केवल वित्तीय संसाधनों के निवेश की योजना बनाते हैं या भौतिक संसाधनों के निवेश की भी योजना बनाते हैं। तो उन्होंने कहा कि नहीं, केवल वित्तीय संसाधनों के निवेश और उपयोग की योजना बनाते हैं।

मैंने उनसे तीसरा सवाल यह किया कि क्या कभी ऐसा विचार आयोग में बैठे हुए विद्वानों, प्रशासकों और उच्च अधिकारियों के मन में आया भी और क्या उस पर विचार भी हुआ। तो इसका उत्तर भी नहीं में था। यह एक अत्यन्त निराशा की बात है। हम केवल वित्तीय संसाधनों, फाइनेंसियल रिसोर्सेज की बात करते हैं जो कि सबसे ज्यादा दुर्लभ हैं। उस सर्व दुर्लभ संसाधन का नियोजन तो हम कर रहे हैं और जो सर्व सुलभ है, अपार है, अपरम्पार

है, भरा पड़ा है, उसके उपयोग की हमने कोई योजना आज तक नहीं बनाई है और उसके जो परिणाम हुए हैं उसकी ओर मैं इंगित करना चाहूंगा। मेरा प्रोफेसर अलघ साहब से विशेष निवेदन है कि वे ऐसी नीतियों के ऊपर गम्भीरता से, *समग्रता से और समेकितता से विचार करें जिनमें* संसाधनों की बात नहीं हो, परन्तु देश की उत्पादकता बढ़ाने में, उसकी आय बढ़ाने में, यहां के नागरिकों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने में, उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में वह नीतियां सहायक हों, बाधक नही हों।

मेरा दूसरा सुझाव है कि भौतिक संसाधनों के भरपूर और टिकाऊ उपयोग की एक कार्य-योजना बननी चाहिए। इसका इसमें जिक्र तो पहली बार हुआ है। यह एक संतोष की बात है। प्रस्तावना में मैंने इसको देखा है, परन्तु मैं कुछ मदवार सुझाव देना चाहता हूं स्पेसिफिकली भूमि के संबंध में। भारत में एक अनुमान के अनुसार, मुझे इसके लेटेस्ट, अद्यतन आंकड़ों की जानकारी तो नहीं है पर जब एक समिति बनी थी कृषि के निर्माण के संबंध में 1989 में माननीय विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के प्रधानमंत्रित्व के काल में। श्री भानु प्रताप सिंह जी की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय समिति बनी थी और उसने अपना प्रतिवेदन छह महीने के अन्दर दे दिया था। उसमें अनुमान यह आया था कि 91 मिलियन हैक्टेयर भूमि परती पड़ी हुई है और उसमें से 52 मिलियन हैक्टेयर भूमि तो ऐसी है जो कृषि के उपयोग में आ सकती है। मान्यवर, केवल 144 मिलियन हैक्टेयर भूमि पर हम खेती करते हैं जो हमारे पूरे भौगोलिक क्षेत्र 328.7 मिलियन हैक्टेयर के आधे से कुछ ज्यादा है, उसके उपयोग की कोई योजना नहीं है।

अगर यह अनुपयुक्त पड़ी रहती, अनयूज्ड पड़ी रहती तो कोई चिन्ता नहीं थी पर वह तरह तरह के पर्यावरण और दूसरे थ्रेटस, जिनको डिग्रेडेशन कहा जाता है, उनके तहत है और बहुत सारी मोटी परत मिट्टी की हर वर्ष कटकर समुद्र में बहकर चली जाती है। वैज्ञानिकों के अनुमान के अनुसार 300 वर्ष में प्रकृति एक इंच मोटी परत का निर्माण करती है बायो प्रोडेक्शन के माध्यम से। मान्यवर, जिस दर से हमारी यह उर्वरा भूमि कटकर समुद्र में जा रही है, तीन वर्ष में हम इतनी क्षति कर रहे हैं जितनी मां प्राकृति ने तीन वर्ष में हमारे लिए संचित करके रखा था। उसकी बचत का, उसके कंजर्वेशन की, उसके अनुरक्षण की कोई योजना भारत सरकार ने नहीं बनाई और जितनी बनाई है, आप जनपद में जाकर देख लीजिए, सॉयल कंजर्वेशन डिपार्टमेंट में सिवाय पैसा खाने के भ्रष्टाचार के, योजना के लिए कुछ नहीं है। यदि इसमें एक भी बात असत्य हो तो मैं अपना त्याग कर दूंगा। कोई जाकर जानकारी ले सकता है और सारे सांसद जानते हैं इस बात को। यह बहुत शर्म की बात है।

इसी प्रकार भूमि का अन्धाधुन्ध गैर कृषि उपयोग बस्तियों के निर्माण में, औद्योगिक बस्तियों के निर्माण में, बार-बार कहा जाता था जो कृषि उत्पादन के योग्य भूमि है उसका उपयोग इनके लिए किया जायेगा, पर न कोई कानून है, न कोई नियम है, न कोई प्रतिबद्धता है और उसका उपयोग अन्धाधुन्ध किया जा रहा है। कृषि के लायक जो भूमि थी उसका क्षेत्र संकुचित होता जा रहा है।

इसी तरह भूमि के अर्जन के संबंध में कोई नीति नहीं है। किसान का किस तरह उसका मुआवजा दिया जाएगा, किस तरह से कम्पेन्सेशन दिया जायेगा। किसी राज्य में कुछ है, राजस्थान में कुछ है, उत्तर प्रदेश में कुछ है। बीस-बीस, तीस-तीस, पचास-पचास वर्ष तक बाद लम्बित पड़े हुए हैं न्यायालयों में, उच्च न्यायालयों से लेकर सर्वोच्च न्यायालयों तक। किसानों की बड़ी दुर्गति होती है। उसकी पैत्रिक व्यवसाय छीन लिया जाता है। वैकल्पिक व्यवसाय की कोई व्यवस्था नहीं की जाती। बाजार मूल्य से उसको मुआवजा नहीं दिया जाता। इस प्रकार से आपने ग्रामीण क्षेत्र की जो दुर्गति की है, उस पाप का कौन भागी होगा, यह ईश्वर ही बताने वाला है। (समय की घंटी) मान्यवर, मैं अभी समाप्त करने वाला हूं।

इसी प्रकार भूमि के संबंध में जो राजस्व रिकार्ड है, रेवेन्यु रिकार्ड है, कम्प्यूटरों के आगमन के बावजूद ज्यादा से ज्यादा 6 महीने से ज्यादा को जो काम नहीं होना चाहिये, बहुत से परिहार्य विवाद, एवाइडेबिल लिटिगेशन गांव में हैं, जो इस कारण से है क्योंकि वह रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। एक तरफतो अंग्रेज साजिश ने कार्नवालिस के समय जो बन्दोबस्त किया था आज तक उसमें हम सुधार नहीं लाये बल्कि उसमें विकृतियां पैदा की है, खराबियां पैदा की हैं, डिस्टोरेशन्स इन्ट्रोड्यूज किए हैं। चकबंदी, जितना यह तथाकथित हरित क्रांति प्रदेश माना जाता है, जिसने खाद्यान्न उत्पादन में सबसे ज्यादा तरक्की की है उसमें अगर संचाई के साधन का योगदान है तो उतना ही बड़ा योगदान इस भूमि प्रबन्धन का है, जहां-जहां चकबन्दी कर दी गई है महोदय, आपके बंगाल के साथी हमारे से इसमें मतभेद रखते हैं। उनको यह समझ में नहीं आता कि चकबन्दी में एक ही स्वामी के अलग-अलग भूखंडों को एक स्थान पर करके उसके प्रबन्धन की सुविधा की जाती है। उसका यह अर्थ नहीं कि फार्म का साइज बढ़ायें या स्वामित्व बढ़ा दें। इतनी सी बात मानने में काम्युनिस्टों को कठिनाई होती है। मैं सबको नहीं कहता हूं। डा॰ बिप्लव दासगुप्त नहीं है पर कुछ लोग मेरे साथ कृषि समिति में थे

जो भंयकर वाद-विवाद में पड़ गये और जो हमारी संस्तुति थी, बारहवें प्रतिवेदन में, कृषि नीति के ऊपर उसको उन्होंने डायलूट करा दिया इसी बहस के दौरान क्योंकि मैं असहमति नहीं कराना चाहता था, सर्वसम्मत रिपोर्ट देना चाहता था। इसलिए मुझे झुकना पड़ा। मैंने उनकी वह बात मान ली पर यह विचार शून्य बात थी।

श्री मोहम्मद मसूद खान (उत्तर प्रदेश): आप झुके क्यों?

श्री सोमपाल: राजनीति में बहुत बार झुकना पड़ता है, जहां आप बैठे हैं आपके साथी तो सारे विश्व की यात्रा कर चुका है राजनीति में। मर्यादाहीनता में आप नहीं बैठे है मान्यवर। अच्छा फिर बात करियेगा।

श्री मोहम्मद मसूद खान: मैं आप की बात कर रहा हूं।

श्री सोमपाल: मैं भी आप ही की बात कर रहा हूं। यह बहुत उदाहरण है, इस विवाद में नहीं पड़ियेगा तो बहुत बेहत्तर रहेगा। उसके बहुत उत्तर हैं मेरे पास।

अब आइये जल नीति की बात पर। जल नीति को जब तक राष्ट्र की सम्पत्ति एक एन्टेटी मानकर कोई समेकित योजना नहीं बनायी जायेगी वह सिद्ध नहीं होगी। हमने मान्यवर सातों पंचवर्षीय योजनाओं में 269 मध्यम और विशाल पैमाने की सिंचाई परियोजनाओं का संकल्पन किया और उनमें से मात्र 95 अब तक पूरी हुई हैं।

बाकी सब अधूरी पड़ी हैं और उनकी लागत में कितनी वृद्धि हुई है, कास्ट इस्केलेशन कितने गुना हो गया है, इसका कोई हिसाब नहीं है। इसका कौन उत्तरदायी होगा, इसका कोई हिसाब नहीं है। एक बात और बहुत महत्वपूर्ण सिंचाई की रणनीति के विषय में मैं कहना चाहता हूं। मध्यम और विशाल आकार की परियोजनाओं में एक हेक्टेयर की अतिरिक्त क्षमता का प्रबंध करने के लिए 35 हजार रुपये का पूंजी व्यय आता है और लघु सिंचाई के माध्यम से 7330 रुपये। जो मध्यम और विशाल आकार परियोजना है उसके अन्दर जो अंतराल होता है एक रुपया आज लगाने से जब योजना फलित होती है, जिसको जेस्टेशन पीरियड कहा जाता है, वह 12 से 15 वर्ष है और लघु सिंचाई परियोजना में मात्र एक हफ्ता से एक महीना है। तीसरी जो सब से ज्यादा समेकित और समग्र रणनीति मानी जाती है, वह है वाटर शेड मैनेजमेंट। लघु सिंचाई योजना का दुष्प्रभाव यह है कि भूमिगत जल स्तर बहुत चिंता जनक रूप से नीचे गिर रहा है। पहले से ही भारत के 400 से कुछ ज्यादा जिलों में 212 जिले भूरे या काले क्षेत्र घोषित किया जा चुके हैं जिनमें 65 से ले कर 85 प्रतिशत भूमिगत जल का दोहन हम कर चुके हैं वह सस्टेनेबल नहीं है। तो समग्र और समेकित नीति वाटर शैड मैनेजमेंट को है। यह भी योजना आयोग और भारत सरकार के आंकड़े है कि मैदानी क्षेत्र में ढाई हजार रुपये और पहाड़ी क्षेत्रों में केवल पांच हजार रुपये प्रति हेक्टेयर खर्च आता है। इसमें यह व्यवस्था की जाती है कि वर्षा का जल यहां भी पड़ेगा, वहीं रोक कर भूमिगत कर दिया जाए और वर्ष के शेष महीनों में उसका इस्तेमाल किया जाए। इसके अत्यंत सफल प्रयोग भारत ने किये हैं। अण्णा हज़ारे, जिनका नाम आज विश्व भर में है, उन्होंने रालेगंज सिद्धि में बिना सरकार की सहायता के सफलतापूर्वक सिद्ध किया है। केवल उसकी अनुकृति करने का, उसको रेप्लीकेट करने का भारत भर में एक सवाल है। इसलिए हमने कृषि समिति के प्रतिवेदन में यह संस्तुति की थी कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में जो 30 हजार करोड़ रुपया ग्रामीण विकास के लिए रखा गया था उसकी आधी राशि मात्र इसलिए निर्धारित कर दी जाए कि वह भूमि जल ग्रहण विकास तकनीक में जाए। इसी प्रकार शायद 60 हजार करोड़ जो नवीं पंचवर्षीय योजना में आई है, उसके विषय में मैं डा॰ अलघ से कहना चाहूंगा कि अगर ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना है, उनकी विषमता समाप्त करनी है, उनके लोगों को रोजी-रोटी देनी है तो राष्ट्र की सब से बड़ी प्राथमिकता, नम्बर एक प्राथमिकता वाटर शैड मैनेजमेंट की होनी चाहिये। उसी के अनुरूप राशि आबंटित की जानी चाहिये।

मान्यवर, परती भूमि के बारे में मैं एक बात कहना चाहूंगा। इतनी ज्यादा परती भूमि पड़ी है, अगर आप उसे लाभप्रद जोतों के आकार में गठित करके बांट दें तो ढाई-तीन करोड़ परिवारों को तीन वर्ष में स्थापित कर सकते हैं। चालीस प्रतिशत जनसंख्या भुखमरी का शिकार है, जो नंगे बदन रहती है, जिसके सिर के ऊपर छत नहीं है, उनके रहन-सहन का एक स्वाभिमानी तरीका, आत्म सम्मान के तरीके से रहने का रास्ता आप बना सकते हैं। यह कहते कहते सातवां वर्ष मुझे इस सदन में हो गया परन्तु इस सरकार सहित किसी भी सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। इसकी कोई योजना नहीं है।

जैव संसाधनों की बात मैंने कही। उसके बारे में लिप सर्विस तो बहुत की जाती है। रियो कान्फ्रेन्स, टुवंटी फर्स्ट सेंचरी, क्या-क्या कितने बड़े-बड़े विशाल वाक्य, इतने बड़े बड़े हृदयग्राही फ्रेज़ यह ले आते हैं एनवायर्नमेंट, सस्टेनेबल डवलमेंट। अपने यहा जैव विवधता है। एक सफल प्रयोग मैंने केरल में देखा है। डा॰ पुष्पांगदन ट्रोपकल बोटेनिकल गार्डन रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रयोग की अनुकृति सारे भारत में कर दी जाए। कृपा हो गई किसी तरह से

ईश्वर की, पर्यावरण के उन पक्षधरों की, उन एनवायर्नमेंटलिस्ट्स की जिन्होंने साइलेंट वैली के प्रोजेक्ट को शैल्व करा दिया। उसके कारण यह धरोहर बची है। औषधियां, सुगंधदायक पौधों, फ्लॉं और टिम्बर के प्लांट्स की जो इतनी बड़ी संपदा थी साइलेंट वैली प्रोजेक्ट में कालकलवित हो जाती है। आज उसको बचा कर डॉ॰ पुष्पांगदन महर्षि जैसा काम कर रहे हैं जिसको भविष्य में आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। मान्यवर, मैं कहता हूं कि उसकी अनुकृति कर के नियोजित विकास, उनके अनुरक्षण, संरक्षण और संवर्द्धन की बात की जानी चाहिये नहीं तो बायो डाइवर्सिटी के वह जेनेटिक रिसोर्सेज़ हमारे से देश से लूट कर बाहर ले जाए जा रहे हैं। 1994 का एक वक्तव्य टाइम्स आफ इण्डिया में कनाडा के किसी व्यापारी का छपा था जिसमें उसने कहा था कि पिछले 10 वर्षों में 66 बिलियन डालर के ऐसे जेनेटिकं रिसोर्सेज़ हम ट्रोपिकल कंट्रीज़ से लूट कर ला चुके हैं जिनके ऊपर आज वह पेटेंट कराए जा रहे हैं।

4-00 P.M.

हमारे लिए वह इतनी अमूल्य धरोहर है चाहे वह खाद्य प्रसंस्करण की हो चाहे आयुर्वेद की हो, चाहे योग की हो चाहे चिकित्सा की हो या दूसरी चीजों की हो, उसका हमें नहीं पता। पर जब पाश्चात्य देशों में उसकी स्वीकृति होती है तो हमारी तत्परता और हमारा उत्साह तुरंत बढ़ जाता है। पर हम अपने अतीत में झांकने का प्रयास नही करते। यह बात कानून के संबंध में है। यहां आरबिट्रेशन और कंसीलिएशन एक्ट पर बोलते हुए मैंने कहा था कि हमारी प्राचीन पंचायत प्रणाली विवाद को सुलझाने की प्रणाली थी। आज उसको ए.डी.आर. की संज्ञा दी जाती है - आल्टरनेट डिस्प्यूट रिजोल्युशन। यह जो एडवर्शियल सिस्टम है एक हमारे यहां का, यह विवाद सुलझाता नहीं है यह तो विवाद हो उलझाता है। इसमें जीत और हार की भावना रहती है। लेकिन हमारी पंचायत व्यवस्था वैसी थी। उसमें दूर जाने की जरूरत नहीं है। यहा से 50 किलोमीटर दूर जो मेरा क्षेत्र बागपत है आज भी वहां मर्डर के केसेज, हत्या के केसेज को पंचायत के द्वारा सुलझाया जाता है जिसकी कानून अनुमति नहीं देता है। हम कानून का तो उल्लंघन कर देते है पर विवाद सुलझा देते हैं। अगर हमें नियोजन करना है तो उस कानून का नियोजन भी उस अपनी परंपरागत संस्कृति के स्रोत के माध्यम से कर सकते हैं। इस विषय में भी मैं डा. अलघ का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

इसी प्रकार पशुधन की बात लें... (**समय की घंटी**) मान्यवर, मात्र दो तीन मिनट लूंगा क्योंकि ये बहुत महत्वपूर्ण बिंदु हैं। मैं आपकी कृपा की अपेक्षा करता हूं कि थोड़ा सा मुझे अतिरिक्त समय अवश्य दिया जाए जितना मेरा कोटा है।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): अतिरिक्त समय आप ले चुके हैं।

श्री सोमपाल: मैं अब समाप्त कर रहा हूं।

पशुधन नीति के विषय में यह तय किया गया था कि जितनी विदेशी किस्में हैं जिनको इग्जोटिक ब्रीड कहा जाता है हमारे जो नान-डेस्क्रिप्ट बेकार घूमते हुए आवारा पशु हैं उनके साथ उनका संकरण किया जाए, उनकी क्रास ब्रीडिंग की जाए। पर हुआ क्या? जो हमारे राष्ट्र की स्थापित, परंपरागत, सर्वश्रेष्ठ नस्लें थीं जिसमें साहिवाल था, थरपारकर था, अंगोल था, हिसार था, नागौरी था और कितनी इसी प्रकार की नस्लें थी उनके साथ क्रास करके उस अपनी पूरी जैव सम्पदा का हमने विनाश किया। मैं आस्ट्रेलिया गया था 1994 में माननीय उपराष्ट्रपति जी के साथ। वे यहां से साहिवाल गाय आधा या एक दर्जन ले गए थे। आज हजारों की संख्या में उन्होंने उनको सुरक्षित करके रखा है। क्योंकि हमारे वातावरण में हमारी जलवायु में ये जो विदेश की डेनमार्क की और अमेरिका की फ्रीजियन और जर्सी तथा अन्य जो किस्में आती हैं वे यहां नहीं रह सकतीं। उनके रख-रखाव में, उनकी बीमारियों में, उनके खाने में हमें जो व्यय करना पड़ता हैं इससे वे लाभकर नहीं हैं। मान्यवर, मैं कहता हूं कि उसके संबंध में भी उस नीति को पुनः ठीक रास्ते पर, ठीक मार्ग पर लाने की आवश्यकता है। मृत पशुओं के उपयोग केंद्र की स्थापना की बात तृतीय पंचवर्षीय योजना में की गयी थी- कैराकास सेंटर्स की, आज उसकी क्रियान्विति के संबंध में उसकी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन सरकार ने नहीं किया। कृषि उत्पादों के विपणन के संबंध में यही दुर्गति है। दिल्ली देश की राजधानी है जहां किन्नो? आलू और सब्जियां जिस भाव पर किसान देता है उससे चार या पांच गुनी 24 घंटे के अंदर हो जाती हैं। आज भी रुमाल ढककर हाथ के ऊपर चार-पांच एकाधिकारवादी व्यापारी आते हैं और किसानों की आंखों में धूल झोंकर क्या भाव तय करते हैं यह पता नहीं चलता। एक एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मारकेटिंग एक्ट बना हुआ है। इस केंद्र सरकार की नाक के नीचे प्रत्येक प्रातःकाल उसकी अवहेलना होती है और यहां किसी के कान पर जूं नहीं रेंगती। मैं कितनी बार यह बात संसद में कह चुका हूं। तो किसान को उसका लाभ नहीं मिलता हैं 30 रुपये का एक कट्टा किन्नों का किसान

